# अमर उजाला

बरेली
सोमवार, 14 अप्रैल 2025


PAGE NO: 06 BOTTOM

## भरतनाट्यम में गुरुओं व विद्यार्थियों ने मिलाई ताल



बरेली। रिद्धिमा में रविवार को नृत्य विहार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भरतनाट्यम में गुरुओं व विद्यार्थियों ने ताल से ताल मिलाई। इस जुगलबंदी को खूब सराहा गया। भरतनाट्यम पर आयोजित नृत्य विहार कार्यक्रम का शुभारंभ आद्या ग्रोवर, अनिका, अंबिका, अनंशी, राध्या, चिरन्य, मायरा, तनिषि आदि ने गणेश वंदना कर किया। इसके बाद सरस्वती वंदना, जथिस्वरम, शिव स्तुति की प्रस्तुत दी। इस दौरान चेयरमैन देव मूर्ति, आशा मूर्ति, ऋचा मूर्ति, उषा गुप्ता, डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डॉ. अनुज कुमार, डॉ. शैलेश सक्सेना आदि मौजूद रहे। संवाद